राजस्थान सरकार

**निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर**

दिनांक– 12/10/2021

**कमांकः–एफ.2 (क)/नोटिस/2021–22/884**

**कार्यमुक्ति आदेश**

निदेशालय, कोष एवं लेखा द्वारा जारी स्थानान्तरण आदेश क्रमांक 852 दिनांक 30.09.2021 के द्वारा श्री ओमप्रकाश बैरवा (लिंक नम्बर 4821), सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I का स्थानान्तरण निदेशक, आर्थिकी और सांख्यिकी विभाग, जयपुर से कुलसचिव, हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर किया गया था किन्तु निदेशालय को प्राप्त सूचना के अनुसार श्री बैरवा द्वारा आदिनांक तक नवीन पदस्थापन स्थान पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है।

श्री बैरवा को तत्काल उनके वर्तमान कार्यालय से **दिनांक 12.10.2021 मध्याह्न पश्चात् एतद् द्वारा कार्यमुक्त किया जाता है** तथा निर्देश दिये जाते हैं कि श्री बैरवा नवीन पदस्थापन स्थान कुलसचिव, हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के रिक्त पद पर नियमानुसार कार्यग्रहण कर ईमेल–jdp1-ta-rj@nic.in/दूरभाष संख्या 0141–2744134 पर इस निदेशालय को सूचित करावें।

उक्त के अतिरिक्त श्री बैरवा को निर्देश दिये जाते है कि निदेशालय के स्थानान्तरण आदेशों एवं तत्पश्चात जारी तत्काल कार्यमुक्त होने सम्बन्धी आदेशों की पालना आदिनांक तक नहीं किये जाने के सम्बन्ध में **अपना स्पष्टीकरण** 3 कार्यदिवसों में निदेशालय को पत्र/ईमेल के माध्यम से प्रेषित करावें अन्यथा नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।

(धीरज सिसोदिया)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)

दिनांक– 12/10/2021

**कमांकः–एफ.2 (क)/नोटिस/2021–22/884**

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–**

1. निदेशक, आर्थिकी और सांख्यिकी विभाग, जयपुर।
2. कुलसचिव, हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. श्री ओमप्रकाश बैरवा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, कार्यालय–निदेशक, आर्थिकी और सांख्यिकी विभाग, जयपुर।
4. उपनिदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)